शिक्षा

टर्निटिन साहित्यिक साफ्टवेयर द्वारा भवानीपुर कॉलेज के संकाय सदस्यों को दिया गया ऑन-साइट प्रशिक्षण

POSTED ON SEPTEMBER 19, 2024 BY ADMIN

कोलकाता। भवानीपुर एजूकेशन सोसाइटी कॉलेज द्वारा आयोजित टर्निटिन साहित्यिक चोरी विषयक सॉफ्टवेयर में ऑन-साइट प्रशिक्षण देने की पहल की। वर्तमान समय में ऑन-लाइन साहित्यिक चोरियाँ आम होती जा रही हैं। इसको किस प्रकार से रोका जाए और अपनी साइट को किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाए। इस पर एक दिवसीय कार्यशाला में सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया जो संभवतः कोलकाता में प्रथम प्रयास है।

डॉ. वसुंधरा मिश्र ने बताया कि द भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज के कमरा नंबर 528 में दिनांक 17 सितंबर को इस कार्यशाला का संचालन प्रो. गार्गी ने किया। टर्निटिन सॉफ्टवेयर के विषय में बताने के लिए प्रमुख अतिथि वक्ताओं में मिलन मंडल (वरिष्ठ खाता प्रबंधक-पूर्व और उत्तर पूर्व) और अक्षय प्रसन्ना (वरिष्ठ ऑनबोर्डिंग सलाहकार, एशिया प्रशांत क्षेत्र) की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही जिन्होंने सभी फैकल्टी को सॉफ्टवेयर के प्रयोग के विषय में बताया।

भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज ने "टर्निटिन साहित्यिक चोरी सॉफ्टवेयर" पर एक दिवसीय ऑन-साइट प्रशिक्षण के इस आयोजन की मेजबान प्रो. गार्गी ने कॉलेज की ओर से उनका स्वागत किया। रेक्टर और डीन प्रो. दिलीप शाह ने

उन्होंने शोध कार्य के लिए विभिन्न विशेषताओं, समानता की जांच कैसे करें, समानता रिपोर्ट, लेख की प्रामाणिकता, उद्धरण आदि पर चर्चा की और जिसे लाइव डेमो द्वारा दिखाया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में संकाय द्वारा प्रश्न पूछे गए विभिन्न शंकाओं का समाधान अक्षय प्रसन्ना द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान, कला और वाणिज्य विभाग के लगभग 50 संकायों ने भाग लिया, उनमें से कुछ प्रोफेसर अत्रेयी गांगुली, डॉ. जोयता भादुड़ी, प्रो. सयान रॉय, डॉ. सुचंद्र चक्रवर्ती, डॉ. पुरबा रायचौधरी और कई अन्य रहे।

अंत में, कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर जयजीत चक्रवर्ती ने किया, उन्होंने इस आयोजन की सराहना की और कामना की कि निकट भविष्य में हम इस प्रकार के और भी आयोजन करेंगे।

ताज़ा समाचार और रोचक जानकारियों के लिए आप हमारे कोलकाता हिन्दी न्यूज चैनल पेज को सब्स्क्राइब कर सकते हैं। एक्स (ट्विटर) पर @hindi_kolkata नाम से सर्च कर, फॉलो करें।

This entry was posted in शिक्षा and tagged #Bengal, #Bhawanipur College., #Digitalkolkatahindinews, #Education News, #india, #kolkata, #Kolkata Hindi News, #kolkatahindinews, #On-site training, #Turnitin Literary Software, #कोलकाता हिन्दी न्यूज, #बंगाल.

‹ शिमला में घुसपैठियों और प्रवासी विशेष संप्रदाय की नियति पर उठते सवाल

20 सितंबर 2024 : आज का राशिफल व पंचांग जाने पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री से ›

Leave a Reply